आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :413 पृष्ठ -4 दिनांक 27 फरवरी 2025 दिन गुरूवार

# महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का अंतिम स्नान सीएम योगी ने भोलेनाथ को समर्पित किया

## 65 करोड़ से अधिक लोगों ने लगाई डुबकी

महाकुंभ नगर : महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व बुधवार को 'हर हर महादेव' के घोष के साथ प्रारंभ हो गया। बुधवार तड़के से ही श्रद्धालुओं का गंगा और संगम में डुबकी लगाना जारी है। इस बीच, सरकार ने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सुबह आठ बजे तक 60 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इस तरह से महाकुंभ में अब तक 65.37 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा और संगम में डुबकी लगा चुके हैं और शाम तक यह आंकड़ा 66 करोड़ को पार करने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''महाकुंभ 2025, प्रयागराज में भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित महा. शिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पधारे सभी पूज्य साधु संतों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।'' उन्होंने कहा, ''त्रिभुवनपति भगवान शिव और पुण्य सलिला मां गंगा सभी का कल्याण करें, यही प्रार्थना है। हर हर महादेव।'' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व पर तड़के चार बजे से ही व्यवस्थाओं को देखने के लिए नियंत्रण कक्ष में पहुंच गए। गोरखपुर प्रवास के चलते उनके लिए गोरखनाथ मंदिर में ही नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां वह स्नान पर्व पर पल–पल की निगरानी करते नजर आए। सरकारी बयान के मुता. बिक, इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बसंत पंचमी और माघ पूर्णिमा अमृत स्नान के अवसर पर भी प्रातः से 'वॉर रूम' में अधिकारियों के साथ बैठक की थी और स्थिति पर नजर रखी थी। प्रत्येक 12 वर्ष में आयोजित होने वाले महाकुंभ में पहला स्नान पर्व 13 जनवरी को शुरू हुआ और महाशिवरात्रि पर ब्रह्म मुहूर्त से ही देश के कोने कोने से श्रद्धालु महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। झारखंड के जमशेदपुर से अपने दोस्त के साथ आए प्रदीप गुप्ता ने संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा, ''मैं जल्द से जल्द यहां से निकलकर बस पकड़ना चाहता हूं क्योंकि भीड़ बहुत बढ़ रही है और यहां भीड़ में फंसने का डर है।'' वहीं, दिल्ली से अपनी वृद्ध माता जी को स्नान कराने



आए अजय जैन किसी तरह चुंगी चौराहे पर पहुंचे और कार वहीं पार्क कर किराए पर मोटरसाइकिल लेकर माता जी को त्रिवेणी संगम में स्नान कराने गए। 'नो व्हीकल जोन' घोषित होने से उन्हें थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन में भगवान शिव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला और इसकी बूंदें जहां जहां गिरी, वहां वहां कुंभ मेले का आयोजन होता है।महाकुंभ मेले के छह स्नान पर्वों में तीन स्नान पर्व अमृत स्नान के थे और ये 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर संपन्न हुए तथा सभी 13 अखाड़े अमृत स्नान करके मेले से विदा हो चुके हैं। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मेला और जिला प्रशासन ने महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर ही जिले और मेला क्षेत्र में 'नो व्हीकल जोन' घोषित कर दिया। उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) (कुंभ) वैभव कृष्ण ने को बताया, ''हमने श्रद्धालुओं की भीड़ संभालने के लिए मेला क्षेत्र में पांच प्रमुख शिवालयों पर व्यापक बंदोबस्त किए हैं। हमें मंगलवार की तुलना में बुधवार को कहीं अधिक भीड़ होने की संभावना है।''

## यूपी में कब खत्म होगी वकीलों की हड़ताल? हाईकोर्ट से जिला अदालतों तक न्यायिक कार्य प्रभावित



अधिवक्ता अधिनियम 1961 में प्रस्तावित संशोधनों के विरोध में वकीलों की हड़ताल के कारण इलाहाबाद हाईकोर्ट, उसकी लखनऊ पीठ और उसके अधीनस्थ न्यायालयों में मंगलवार को न्यायिक कार्य खासा प्रभावित हुआ. हाईकोर्ट के अवध बार एसोसिएशन, जिला न्यायालय के सेंट्रल बार एसोसिएशन और अन्य स्थानीय अधिवक्ता संगठनों ने मंगलवार को विभिन्न अदालतों में न्यायिक कार्य से दूर रहने का निर्णय लिया था.अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर डी शशि की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में न केवल प्रस्तावित संशोधन के खिलाफ बल्कि हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की कमी, मुकदमों को सूचीबद्ध करने में कठिनाई समेत अन्य मुद्दों के खिलाफ भी मंगलवार को काम से दूर रहने का निर्णय लिया था. इस बीच, सेंट्रल बार एसोसिएशन के महासचिव अमरेश पाल सिंह ने कहा कि संगठन ने यूपी बार काउंसिल के साथ एकजुटता दिखाई और प्रस्तावित संशोधन का विरोध प्रयागराज में, इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील इलाहाबाद हाईकोर्ट में बड़ी संख्या में न्यायाधीशों के पद रिक्त होने के विरोध में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन (एचसीबीए) के आह्वान पर न्यायिक कार्य से दूर रहे. हालांकि न्यायाधीश अपने–अपने अदालत कक्ष में बैठे लेकिन वकील उपस्थित नहीं हुए.

## चारधाम यात्रा की तैयारियों में जुटी धामी सरकार

उत्तराखंड सरकार चारधाम यात्रा की तैयारियों में पूरी तरह से जुट गई है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को यात्रा से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. स्वास्थ्य विभाग ने इस बार यात्रा मार्ग पर विशेष स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों को लागू करने की योजना बनाई है.स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार यात्रा मार्ग पर 26 मेडिकल रेस्पॉन्स प्वाइंट्स (एमआरपी) और 50 स्क्री. निंग प्वाइंट्स स्थापित किए जाएंगे. इसके अलावा, सभी श्रद्धालुओं के लिए ष्स्वास्थ्य धाम पोर्टलष पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है, जबकि 50 वर्ष से अधिक आयु वाले यात्रियों को अपना स्वास्थ्य प्रा. फाइल अपलोड करना होगा.यात्रा मार्ग में 26 मेडिकल रेस्पॉन्स प्वाइंट्सबैठक में स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा. इस संबंध में विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं. सचिव ने कहा, ष्यात्रा मार्ग में कुल 26 मेडिकल रेस्पॉन्स प्वाइंट्स और 50 स्क्री. निंग प्वाइंट्स की व्यवस्था की गई है. बढ़ती संख्या को देखते हुए और अधिक एमआरपी स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है.इसके अलावा, श्रीनगर मेडिकल कॉलेज को यात्रा के दौरान आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं. यात्रा मार्ग में तैनात चिकित्सकों और मेडिकलअधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि ऊँचाई वाले क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की देखभाल बेहतर तरीके से की जा सके.चारधाम में शामिल होने वाले यात्रियों को कराना होगा पंजीकरणचारधाम यात्रा में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालुओं को ष्स्वास्थ्य धाम पोर्टलष पर पंजीकरण कराना होगा. 50 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को अपना स्वास्थ्य प्रोफाइल अपलोड करने का निर्देश दिया गया है. इससे सरकार को उच्च जोखिम वाले यात्रियों की पहचान करने और उनके स्वास्थ्य की निगरानी करने में मदद मिलेगी. इसके साथ ही, त्थ्प्क–बैंड और ळच्ै ट्रैकिंग सिस्टम का उपयोग करके यात्रियों की स्थिति पर नजर रखी जाएगी. स्वास्थ्य विभाग इस तकनीक के जरिए उन श्रद्धालुओं की निगरानी करेगा, जिनका स्वास्थ्य जोखिम अधिक है.स्वास्थ्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि केदारनाथ और बद्रीनाथ के लिए जारी की गई धनराशि का उपयोग सही तरीके से हो और उपयोगिता प्रमाणपत्र (न्ब्) जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए. इसके अलावा, केदारनाथ में नवनिर्मित चिकित्सालय के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरणों और फर्नीचर की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं.स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी जारी की जाएगी. इसके तहत बस स्टॉप, होटल, ढाबों और अन्य प्रमुख स्थानों पर स्वास्थ्य चेतावनी संबंधी बैनर और फ्लेक्स लगाए जाएंगे. इसके अलावा, निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के संपर्क नंबर भी श्रद्धालुओं के लिए सार्वजनिक किए जाएंगे.यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए स्वास्थ्य मित्रों की नियुक्ति की जाएगी. ये स्वास्थ्य मित्र यात्रियों की मदद करने के लिए तैनात किए जाएंगे और कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर कार्य करेंगे. इसके साथ ही, चारधाम यात्रा की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए चिकित्सा महानिदेशालय में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा. यह कंट्रोल रूम यात्रा से जुड़ी सभी स्वास्थ्य सेवाओं पर नजर रखेगा और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देगा.श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कोई समझौता नहीं– स्वास्थ्य सचिवस्वास्थ्य सचिव ने कहा कि यात्रा मार्ग पर स्थित होटलों और ढाबों में स्वास्थ्य सुरक्षा के कड़े नियम लागू किए जाएंगे. सभी होटल और ढाबे श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए".बैठक के समापन पर स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को चारधाम यात्रा से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा, ष्श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा. सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या न आए.ष सरकार की इन तैयारियों से यह स्पष्ट हो गया है कि इस बार की चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी.

## उत्तराखंडः नई आवास नीति से घर बनाना होगा आसान, मिलेगी एक्सट्रा छूट, धामी सरकार ने लिए फैसला

उत्तराखंड सरकार ने अपनी नई आवास नीति के तहत गरीबों के लिए घर का सपना पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ै) के लिए कई रियायतें दी हैं, जिससे गरीब परिवारों को किफायती दरों पर आवास मिल सके. इस योजना के तहत, नौ लाख रुपये के मकान में सरकार आधे से अधिक खर्च वहन करेगी, जिससे लाभार्थियों पर वित्तीय बोझ कम होगा. सरकार ने स्पष्ट किया है कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आने वाले लोगों को केवल 4.5 से 5.5 लाख रुपये ही देने होंगे, जबकि शेष राशि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से दी जाएगी. केंद्र सरकार की तरफ से 1.5 लाख रुपये और राज्य सरकार की ओर से 2 से 3 लाख रुपये की अनुदान राशि दी जाएगी. इसके अलावा, बैंक से कर्ज लेने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है, जिससे आवास निर्माण में किसी तरह की वित्तीय बाधा न आए.बाखली शैली में भवन निर्माण कराने पर मिलेगी सहायता राशि सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में पारंपरिक बाखली शैलीश के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त रियायतें देने का निर्णय लिया है. इन क्षेत्रों में यदि कोई बाखली शैली में भवन बनवाता है, तो उसे राज्य सरकार की ओर से तीन लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी. जबकि मैदानी क्षेत्रों में नौ लाख रुपये की लागत वाले घरों के लिए 5.5 लाख रुपये लाभार्थी को देने होंगे और शेष राशि सरकार द्वारा दी जाएगी.स्टाम्प शुल्क को लेकर भी सरकार ने बड़ी राहत दी है. पहले छह प्रतिशत स्टाम्प शुल्क और दो प्रतिशत पंजीकरण शुल्क देना होता था, जिससे 10 लाख रुपये के मकान पर करीब 80,000 रुपये तक खर्च आता था. लेकिन अब ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए स्टाम्प शुल्क मात्र 1000 रुपये और पंजीकरण शुल्क 500 रुपये होगा. एलआईजी (स्प्ळ) के लिए यह शुल्क 5000 रुपये और एलएमआईजी के लिए 10,000 रुपये तय किया गया है. इतना ही नहीं, बैंक से लोन लेने पर अनुबंध शुल्क भी पूरी तरह हटा दिया गया है, जिससे घर बनाने की लागत और कम हो जाएगी. मकानों का नक्शा पास कराने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा सरकार ने आवास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए भू–उपयोग परिवर्तन और नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को भी सरल किया है. 10,000 वर्ग मीटर तक की जमीन का भू–उपयोग परिवर्तन तीन माह के भीतर प्राधिकरण स्तर पर किया जाएगा. जाएगा. परियोजना के लिए जमीन खरीदने वाले बिल्डरों को भी छूट दी गई है. स्टाम्प शुल्क में राहत के साथ–साथ उन्हें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने पर भी सरकार की ओर से सहायता दी जाएगी. कॉमर्शियल फ्लोर एरिया रेशियो (थ्।त्) को भी मैदानी इलाकों में 25 प्रतिशत और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 प्रतिशत किया गया है, जिससे बिल्डरों को अधिक निर्माण करने की छूट मिलेगी.

## बहराइचः तिलक समारोह में मारपीट, दो घायल, केस दर्ज

बहराइचःरानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोबरहा के मजरा चौहाननपुरवा गांव में मंगलवार को विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र से तिलक आया था। तिलक समारोह के बाद खाना का कार्यक्रम शुरू हुआ। इसी दौरान गांव निवासी चार लोग मौके पर पहुंचे। सभी ने झगड़ा शुरू कर दिया। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। रात नौ बजे तिलक समारोह में मारपीट से भगदड़ मच गई। दबंगों के हमले में तिलक समारोह में आए विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गेश (18) पुत्र सियाराम और इसी थाना क्षेत्र के लुढ़की गांव निवासी निरहू (30) घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल लोगों ने बताया कि गोबरहा गांव निवासी ननके, विनय और हीरालाल समेत चार लोगों ने मारपीट की है। इन सभी तिलक समारोह में आमंत्रण न मिलने पर मारपीट की है। इस मामले में थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रात में मारपीट हुई थी। घायलों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जिले के गोबरहा गांव में तिलक समारोह में शामिल आए लोगों से गांव के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अपर्णा यादव का दिखा अनोखा रूप, महाकुंभ में भगवान शिव को समर्पित भजन गाया



समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू और भारतीय जनता पार्टी की नेता अपर्णा यादव ने सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंची, जहां उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने भगवान शिव को समर्पित भजन गया, जिसे सुनकर हर कोई मंत्र मुग्ध रह गया. अपर्णा यादव ने इस कार्यक्रम का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है जिसमें वो भजन गाते दिखाई दे रही हैं.राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है. इसके साथ उन्होंने लिखा– सनातन गर्व महाकुंभ पर्व पर अपनी सनातन संस्कृति को प्रस्तुत करने का एक सुअवसर प्राप्त हुआ. हृदय की गहराइयों से सभी का आभार.. जय हिंद जय भारत. अपर्णा यादव ने महाकुंभ में गाया भजन अपर्णा यादव का ये वीडियो 1.30 मिनट का है, जिसमें महाकुंभ में उनके आगमन से लेकर वो मंच तक जाते हुए दिखाई दे रही है. इसके बाद उन्होंने भगवान शिव शंकर को समर्पित एक भजन शशिव कैलाशों के वासी.. धौली धारों के राजा.. शंकर संकट हरना..श, भजन को गया. इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उन्हें सुनने के लिए बैठे हैं. अपर्णा यादव की मधुर आवाज में भजन सुनकर हर कोई मंत्रमुग्ध नजर आ रहा है. बीजेपी नेता अपर्णा यादव अक्सर सुर्खियों में रहती है. हाल में उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा लगातार महाकुंभ को लेकर सवाल उठाए जाने पर भी प्रतिक्रिया दी थी. उन्होंने कहा योगी सरकार ने कुंभ की उच्च स्तरीय व्यवस्था की है. सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही वहां स्नान कर रहे हैं. देश के कोने–कोने से लोग आ रहे हैं. जो सवाल उठा रहे हैं इसका जवाब उन्हीं से पूछें. वहीं उन्होंने लोगों से कहा कि वो संगम में स्नान करें और पुण्य हासिल करें. देश के तमाम लोग कुंभ पहुंच रहे हैं

# दूसरा जन्मदिन, धूमधाम से मनाने की तैयारी में जुटा था परिवार, पोखर में डूबकर बालक की मौत

जन्म दिन की खुशियों में शामिल होने के लिए करीबी लोगों का अलावा रिश्तेदारों को भी बुलाया जा रहा था। लेकिन परि. जनों को क्या पता था कि जन्म दिन से पहले ऐसी मनहूस खबर आएगी कि सारी खुशियां मातम में बदल जाएंगी।27 फरवरी को इकलौते बेटे वायुस का दूसरा जन्मदिन है। परिवार में जन्मदिन को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां चल रही थीं। नाते–रिश्तेदारों को जन्मदिन के लिए बुलाया जा रहा था। अचानक वायुस घर से गायब हो गया। वायुस अचेत अवस्था में पोखर के अंदर पड़ा मिला। परिजन अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। जन्मदिन से एक दिन पहले वायुस यह दुनिया छोड़ दी। अलीगढ़ में अतरौली कोतवाली अंतर्गत गांव खिटौली निवासी किशनपाल सिंह मजदूरी करते हैं। किशनपाल के यहां बड़ी बेटी चित्रा के बाद वायुस का जन्म हुआ था। इकलौता बेटा होने के नाते गत वर्ष उसका पहला जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया था। इस बार दूसरा जन्मदिन और खास मनाने की परिवार के लोग तैयारी कर रहे थे। जन्म दिन की खुशियों में शामिल होने के लिए करीबी लोगों का अलावा रिश्तेदारों को भी बुलाया जा रहा था। लेकिन परिजनों को क्या पता था कि जन्म दिन से पहले ऐसी मनहूस खबर आएगी कि सारी खुशियां मातम में बदल जाएंगी।26 फरवरी को वायुस अचानक लापता हो गया। इससे परिवार में बेचौनी छा गई। बालक को परिवार के लोगों ने काफी तलाशा लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गांव में सर्च अभियान चलाया। करीब दो बजे



किशनपाल के घर के निकट ही पोखर में बालक के होने का लोगों ने अंदेशा जताया। गांव के सेवक राम और सुनील ने पोखर में घुसकर देखा तो उसमें बालक अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। वायुस को बाहर निकाला । उसे आनन–फानन सीएचसी लाया गया। जहां बालक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में मातम छा गया। वहीं परिजन बालक को रंजिशन पोखर में फैंकने का भी शक जता रहे हैं। पुलिस ने घटना की जानकारी ली।

## अलीगढ़ में एक मनचले ने नीट की तैयारी कर रही छात्रा को सरेआम मारपीट कर बे.होश कर दिया

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के थाना बन्ना देवी क्षेत्र के मालवीय पुस्तकालय के पास एक मनचले ने नीट की तैयारी कर रही छात्रा को जबरन बाइक पर बैठाने का प्रयास किया। छात्रा के विरोध किया तो मनचले युवक ने बीच सड़क छात्रा की पिटाई कर दी। मनचले की पिटाई से छात्रा बेहोश हो गई। छात्रा से मारपीट कर भाग रहे आरोपी युवक को राहगीरों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में छानबीन कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर के एक मोहल्ला निवासी छात्रा नीट की तैयारी कर रही है। वह हर रोज मालवीय पुस्तकालय में पढ़ने आती है। छात्रा के मुताबिक पिछले चार–पांच दिनों से एक मनचला उसका लगातार पीछा कर रहा था। छात्रा जिस स्थान पर पढ़ने के लिए जाती, मनचला भी पीछे–पीछे वही पहुंच जाता है। कई बार छात्रा ने आरोपी की हरकतों को नजरअंदाज भी किया, लेकिन वह बाज नहीं आया। कल 25 फरवरी दिन मंगलवार को छात्रा पुस्तकालय से घर जाने के लिए ई–रिक्शा में बैठ रही थी, तभी पीछे से आरोपी युवक आ गया। वह छात्रा पर अश्लील कमेंट करते हुए बाइक पर बैठने के लिए कहने लगा। इस पर छात्रा ने विरोध करते हुए आरोपी को थप्पड़ जड़ दिया। इससे गुस्साए मनचले युवक ने सरेआम बीच सड़क पर छात्रा से मारपीट कर दी। मनचले की पिटाई से छात्रा मौके पर बेहोश हो गई। परिजन छात्रा को बेहोशी की हालत में थाने लेकर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी द्वितीय नगर अलीगढ़ ने बताया कि कल थाना बन्ना देवी क्षेत्र स्थित एक लाइब्रेरी में छात्र और छात्रा के बीच आपसी विवाद और छेड़खानी की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छात्र को हिरासत में लिया। छात्रा के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाईकी जा रही है।
.

## श्री वार्ष्णेय मंदिर में महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ का हुआ पंचामृत स्नान

महानगर अलीगढ़ के मध्य स्थित भव्य श्री वार्ष्णेय मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी । श्री वार्ष्णेय मंदिर के प्रवक्ता भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार भक्तों ने श्री वार्ष्णेय मंदिर परिसर में स्थित शिवालय में भोले बाबा का जलाभिषेक किया ।भक्तों ने प्रयागराज महाकुम्भ के त्रिवेणी संगम से लाये जल से भोलेनाथ का अभिषेक कर जगत की खुशहाली की प्रार्थना की ।इस अवसर पर मंदिर व्यवस्थापक राधेश्याम गुप्ता स्क्रेप वालों , डा उषा शेखर , डा पराग शेखर , रूबी शेखर , रुपाली शेखर , भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , दीपिका वार्ष्णेय , राहुल स्क्रैप , नीरू स्क्रैप , रंजन वार्ष्णेय , अंजना वार्ष्णेय ने भोले बाबा को दूध, दही, घी,शहद,इत्रादि से पंचामृत स्नान कराया । मंदिर महंत पंडित मनोज मिश्रा एवं पंडित महेश ब्रह्मचारी ने मंत्रोच्चार के मध्य वैदिक रीति से रुद्राभिषेक एवं भोले बाबा का श्रंगार कराया ।इस अवसर पर श्री वार्ष्णेय मंदिर के व्यवस्थापक राधेश्याम गुप्ता स्क्रेप वाले , भुवनेश वार्ष्णेय, दीपिका वार्ष्णेय , लव वार्ष्णेय ,डॉ ऊषा शेखर वार्ष्णेय , डा पराग शेखर , डा रूबी शेखर , रुपाली शेखर , रंजन वार्ष्णेय , श्रीमती अंजना वार्ष्णेय , शुभांगी वार्ष्णेय , मोहित वार्ष्णेय , राहुल स्क्रेप , नीरू गुप्ता , किरन वार्ष्णेय , लव गुप्ता , पारस गुप्ता , श्याम जी कपड़े वाले, कृष्ण कुमार सीटू, संतोष वार्ष्णेय डिब्बा , पूर्व पार्षद अलका गुप्ता , योगेश वार्ष्णेय बंटी , बृजेश कंटक , एडवोकेट आकाशदीप वार्ष्णेय , विष्णु भैया ,नितिन स्वरूप गुप्ता वेवसाइट वाले राजेश सेंचुरी अमित शेखर सर्राफ , अनुपम सज्जू , सुमित गोटेवाल, यतीश वार्ष्णेय , डॉ सुनील कुमार , कान्हा वार्ष्णेय , जीतू वार्ष्णेय , निखिल वार्ष्णेय , नीटू शर्मा , विष्णु हरि गुप्ता , गिरीश वार्ष्णेय, बंटी जैसवाल आदि उपस्थित थे।

## किड्स केयर अस्पताल पर लगाया गया कांवरिया सेवा शिविर

अलीगढ़ ।महाशिवरात्रि का पर्व अलीगढ़ महानगर में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया जबकि इस अवसर पर महानगर रामघाट रोड पर जगह जगह कांवरिया सेवा शिविर लगाए गए और इसी क्रम में महानगर के किड्स केयर हॉस्पिटल पर भी एक कैंप लगाया गया जिसका शुभारम्भ प्रख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.विभव वार्ष्णेय की माताजी आशा वार्ष्णेय ने फीता काट कर किया। इसके बाद डॉक्टर साहब के स्टाफ और पूरे परिवार ने पूरी शिद्दत के साथ कांवर लाने वाले भोले के भक्तों की सेवा की ।वहीं इस अवसर पर डॉ. विभव वार्ष्णेय ने इस अवसर पर भगवान महाकाल से सभी के कल्याण की मंगल कामना की और बताया किड्स कैंप कांवरिया भक्तों के लिए हर प्रकार की समुचित व्यवस्था का ध्यान रखा गया है इतना ही नहीं यहां पर रजाई गद्दों के साथ साथ कांवरिया भक्तों के उपचार की भी पूरी व्यवस्था है ।कांवरिया सेवा शिविर में यहां पर डॉ.विभव वार्ष्णेय और उनकी पत्नी डॉ.दीप्ति वार्ष्णेय के अलावा एडीएम.अखिलेश यादव,कल्पना महेश्वरी, अंजली अग्रवाल,संगीता मेहरोत्रा,सुनीता अग्रवाल,निधि अग्रवाल,भावना शर्मा,मेघा गुप्ता,सपना गौतम,डॉ. अभिषेक कुमार सिंह,डॉ.गौरव गर्ग,डॉ.रचना गर्ग,डॉ.पराग शेखर,डॉ.रूपाली शेखर,डॉ.नीलेश. मित्तल, डॉ.इंदू मित्तल,डॉ.डी.के.वर्मा,डॉ.रजत प्रताप सिंह,डॉ श्रुति पुंज सिंह,डॉ.रमनमोहन शर्मा,डॉ.दीप्ति शर्मा,डॉ.अनूप कुमार,डॉ.सौरभ पाठक,डॉ.दीपक मेहरोत्रा,डॉ.अमृता सिन्हा मेहरोत्रा,डॉ.नेहा त्यागी सिंह,डॉ.रश्मि रानी,डॉ.हर्ष गर्ग,डॉ. पुनीता अरोरा गर्ग,डॉ.पीयूष गुप्ता,डॉ. शोभित सेंगर,डॉ.ईशान भारद्वाज,डॉ. अभिषेक शर्मा,डॉ.वैभवगुप्ता,मुकेश गुप्ता,इं.अनुभव वार्ष्णेय,तृप्ति वार्ष्णेय, नीरज गुप्ता,अंकुर गुप्ता,मुकेश माहेश्वरी, अमित उपाध्याय बंटी,कमल. कांत शर्मा, संजय पंडित,मृत्युंजय उपाध्याय,शुभम शर्मा,आकाश चौहान,मोनू अग्रवाल, मनोसेल्फी,दीपांशु गुप्ता,अमित ज्वेलर्स,कमल और रत्नेश कुमार समेत अनेक भक्त जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के शिविर में शिव भक्त कांवड़ियों को फल, जलपान, दूध दवाई आदि व्यवस्थाओं से की सेवा और पुष्प वर्षा से किया अभिनंदन

हाथरस। शहर के नामचीन फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के डायरेक्टर व वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विकास शर्मा द्वारा शिव भक्तों की सेवा के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फल–दूध, दवाई सेवादारों की कोई कमी नजर नहीं आई। कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करते हुए उनका अभिनंदन किया गया। सबसे बड़ी भक्ति की बात यह रही कि डॉ विकास शर्मा खुद सेवादार बनकर शिव भक्तों को जलपान, फल आदि प्रसादी देने के साथ पुष्प वर्षा करते नजर आये। शिविर भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान रहा। डॉ विकास कुमार शर्मा ने बताया कि शिव भोलेनाथ की कृपा से हमें भी सेवा करने का किसी न किसी रुप में सौभाग्य मिलता है, हमारे मेंडू रोड़ सिटी रेलवे स्टेशन के सामने फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर पर हजारों की संख्या में कांवड़िये भोले बाबा की जयघोषों के साथ शिविर में पहुंचकर आगे के लिए रवाना हुए, शिविर में उनके लिए ठहरने, खाने–पीने, नहाने दवाई आदि सभी तरह की व्यस्थाएं व सुविधाएं उपलब्ध थी। डॉ विकास ने बताया कि कांवड़ यात्रा शिव भक्तों की आस्था, भक्ति और तपस्या का प्रतीक है। भोले को पूजने वालों का मानना है कि भगवान शंकर को गंगाजल अर्पित करने से उनका आशीर्वाद मिलता है और आध्यात्मिक की प्राप्ति होती है। साथ ही कांवड़ यात्रा करने से परिवार की उन्नति होती है और कांवड़ यात्रा करने वाले पर महादेव की असीप कृपा होती है ।उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा जिसे कांवड़िए कई चुनौतियों, कठिनाईयों और कठिन नियमों का पालन करते हुए बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ करते हैं।

## अचलेश्वर धाम में भगदड़, 9 साल की बच्ची घायल

अलीगढ़ के जीटी रोड स्थित प्राचीन अचलेश्वर धाम मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक के दौरान भगदड़ मच गई। इस दौरान बेगपुर निवासी 9 साल की बच्ची निधि गुप्ता गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे सरकारी एंबुलेंस से मलखान सिंह जिला अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। भगदड़ के दौरान निधि की मां पूजा गुप्ता की भी सांस फूल गई, जबकि उसकी बहन के कान का एक टॉप्स भी भीड़ में गिर गया। महाशिवरात्रि के दिन बड़ी संख्या में कांवड़ियों के उमड़ने से मंदिर परिसर में भारी भीड़ थी, जिससे यह घटना हुई।

## हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्वारऊ में एक दुखद घटना सामने आई

हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव ग्वारऊ में एक दुखद घटना सामने आई है। गांव के निवासी रामगोपाल की 17 वर्षीय पुत्री रितु की करंट लगने से मौत हो गई। रितु हाईस्कूल की छात्रा थी और इस साल परीक्षा दे रही थी। घटना दोपहर की है, जब रितु अपने मोबाइल फोन का चार्जर बोर्ड में लगा रही थी। अचानक बोर्ड में करंट आने से वह अचेत होकर गिर पड़ी। परिवार के सदस्यों ने उसे इस हालत में देखा तो उसे जिला अस्पताल ले गए ।जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने रितु को मृत घोषित कर दिया। परिवार ने दूसरी राय के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भी दिखाया। वहां भी चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को रोते बिलखते हुए अपने साथ ले गए।

## हाथरस पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में 12 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया

हाथरस पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में 12 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी आजाद पुत्र साहबुद्दीन अलीगढ़ के इगलास थाना क्षेत्र के गांव बेसवा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ कोतवाली चंदपा में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था ।गिरफ्तारी के बाद जमानत पर छूटने के बाद वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। न्यायालय ने आरोपी और उसके जमानतदारों के खिलाफ छठॅ वारंट जारी किया था। वह पिछले 12 साल से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लगी थी ।गांव कलवारी में रह रहा था12 सालों से फरार आरोपी अपने गांव में भी नहीं आता था। पुलिस की लंबी जांच में पता चला कि वह अपनी पहचान छिपाकर हाथरस के गांव कलवारी में रह रहा था। मुखबिर की सूचना पर थाना चंदपा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## कार से शहर में प्रवेश कर रहे कांवड़ियों को पुलिस ने रोका, अभद्रता का आरोप

अलीगढ़ के क्वार्सी थाना क्षेत्र स्थित क्वार्सी चौराहा रामघाट रोड पर पुलिस ने कार में कांवड़ लेकर शहर में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे कांवड़ियों को रोक दिया। कार में तीन कांवड़िये और एक ड्राइवर मौजूद थे। पुलिस ने शहर में कांवड़ियों के कारण होने वाले जाम को देखते हुए उन्हें बाईपास से जाने का सुझाव दिया। इस दौरान मथुरा निवासी कांवड़ियों ने एक दारोगा पर अभद्रता करने का आरोप लगाया। मामले को लेकर कांवड़ियों और पुलिस के बीच हल्की बहस भी हुई। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कांवड़ियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया।

## हाथरस के हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक गलीचा फैक्ट्री में हादसा हुआ

हाथरस के हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक गलीचा फैक्ट्री में हादसा हुआ। फैक्ट्री में काम करने वाले 45 वर्षीय मजदूर अनिल की छत से गिरकर मौत हो गई। अनिल बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के तमरोला गांव का रहने वाला था। वह फैक्ट्री की छत पर बने कमरे में रहता था। दोपहर के समय जब वह लंच करने के लिए अपने कमरे की तरफ जा रहा था, तभी उसका पैर फिसल गया। छत से नीचे गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।हादसे के बाद साथी कर्मच. ारी तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। हाथरस गेट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। उसके परिवार के लोगों के



# 43 करोड़ खर्च करने से मिल जाएगी अमेरिकी नागरिकता?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (25 फरवरी) को अमेरिकी नागरिकता के लिए एक नया रास्ता खोला. ट्रंप ने श्गोल्ड कार्डश के बारे में बात की, जो दुनियाभर के उन अमीरों के लिए यूएस सिटीजनशिप का रास्ता खोलेगा जो अमेरिका में जॉब पैदा करने के लिहाज से निवेश करेंगे. इसमें आवेदक को कम से कम 5 मिलियन डॉलर यानी करीब 43 करोड़ रुपए अमि. रिकी अर्थव्यवस्था में निवेश करने होंगे. हालांकि आपको यह साफ कर दें कि इस तरह 43 करोड़ खर्च करने मात्र से अमे. रिकी नागरिकता नहीं मिलेगी, यह केवल एक आधार बनेगा जिससे आप भविष्य में नागरिकता के लिए आवेदन कर पाएंगे. यानी यह केवल एक रास्ता है, मंजिल नहीं. दरअसल, गोल्ड कार्ड एक पुराने सिस्टम को रिप्लेस करने के उद्देश्य से लाया जा रहा है. 1990 से अमेरिका में म्ठ–5 वीजा इसी तरह के निवेशकों के लिए अमेरिकी नागरिकता का रास्ता खोलता है. म्ठ–5 वीजा उन निवेशकों को दिया जाता है, जो अमेरिका में निवेश करते हैं और वहां नौ. करियां पैदा करते हैं. हालांकि इसके लिए एक मिलियन डॉलर से भी कम यानी 7 करोड़ तक का निवेश ही पर्याप्त होता था. ट्रंप प्रशासन का मानना है कि अब तक अमेरिका बेहद कम राशि में अपनी नागरि. कता के दरवाजे खोल रहा है और इसे बढ़ाया जाना चाहिए. यही कारण है कि म्ठ–5 वीजा सिस्टम को खत्म कर अब गोल्ड कार्ड लाया जा रहा है.गोल्ड कार्ड और म्ठ–5 वीजा को निवेशकों के लिहाज से ग्रीन कार्ड कहा जा सकता है क्योंकि इन दोनों से निवेशक को वह सभी सुविधाएं मिलती हैं जो अमेरिका में एक ग्रीन कार्ड होल्डर को मिलती है. ग्रीन कार्ड एक तरह का परमानेंट रेसिडेंट कार्ड होता है जो विदेशियों को अमेरिका में रहने और काम करने की अनुमति प्रदान करता है. यह कई तरह से मिलता है, जैसे यूएस नागरिक से पारिवारिक संबंधों से लेकर, नौकरी और कुछ खास योग्यता के आधार पर ग्रीन कार्ड की सुविधा मिल जाती है. इसके अलावा भी कई अन्य रास्ते हैं, जो एक विदेशी नागरिक को अमेरिका का ग्रीन कार्ड दिला सकते हैं. ग्रीन कार्ड या गोल्ड कार्ड होने से कोई विदेशी प्रवासी अमेरिका का नागिरक नहीं बन जाता लेकिन हां यह कार्ड उसके अमेरिकी नागरिक बनने के रास्ते जरूर खोल देते हैं. यानी वह भविष्य में अमेरिकी नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है. वैसे ग्रीन कार्ड जरूरत की सारी सुविधाएं मुहैया कराता है लेकिन फिर भी अमेरिकी नागरिक के मुकाबले उसे कई मामलों में अधिकार नहीं होते. जैसे अमेरिकी नागरिक वोट डाल सकते हैं, जितना चाहे अमेरिका से बाहर रह सकते हैं, अपने विद. ेशी रिश्तेदारों को यूएस में रहने के लिए कोर्ट में याचिका डाल सकते हैं, यूएस मिलिट्री और सरकार में कहीं भी काम कर सकते हैं. ग्रीन कार्ड होल्डर के पास ये अधिकार नहीं होते, न ही गोल्ड कार्ड वालों के पास ये अधिकार होंगे.

## विवेक रामास्वामी को मिला ट्रंप और मस्क का समर्थन, गवर्नर बनने की राह पर बढ़े आगे, तीसरे भारतीय जो रचेंगे इतिहास

भारतीय मूल के अमेरिकी उद्यमी और ट्रंप के कट्टर समर्थकों में से एक विवेक रामा. स्वामी ने अमेरिका के ओहियो राज्य के गवर्नर पद से चुनाव लड़ने की घोषणा की है. अगर वह यह चुनाव जीत जाते हैं, तो संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय मूल के तीसरे गवर्नर बन जाएंगे. इससे पहले बॉबी जिंदल लुईसियाना की और निक्की हेली साउथ कैरोलिना की गवर्नर रह चुकीं हैं. ओहियो में अपने चुनावी भाषणों के कारण रामास्वामी की लोकप्रियता काफी बढ़ी है. अपने चुनावी वादों में उन्होंने राज्य में इनकम टैक्स और प्रॉपर्टी टैक्स खत्म करने का ऐलान किया है.विवेक को मिला ट्रंप और मस्क का समर्थनअमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान विवेक रामास्वामी ने डा. ेनाल्ड ट्रंप को अपना पूरा समर्थन दिया था. वहीं, अब विवेक रामास्वामी को ओहिया के गवर्नर पद की चुनावी लड़ाई में अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ट्रंप के सहयोगी और डिपार्टमेंट ऑफ गवर्मेंट एफिशिएंसी के प्रमुख एलन मस्क का समर्थन मिला है.ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, "विवेक युवा, मजबूत और होशियार है. वह ओहियो के बेहतरीन गवर्नर बनेंगे और जनता को कभी निराश नहीं करेंगे. उन्हें मेरा पूरा समर्थन है." वहीं, अरबपति एलन मस्क ने भी रामास्वामी को शुभक. ामनाएं देते हुए कहा, "गुड लक, आपको मेरा पूरा समर्थन है!"भारत से विवेक का है गहरा संबंध39 साल के भारतीय मूल के अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी का भारत के साथ गहरा संबंध है. विवेक के माता–पिता केरल राज्य के पालक्काडड जिले के रहने वाले हैं. जो काफी समय पहले अमेरिका शिफ्ट हो गए थे.

ओहिया की चुनावी जंगसंयुक्त राज्य अमे. रिका का राज्य ओहियो पहले डेमोक्रेटिक पार्टी का गढ़ हुआ करता था, लेकिन पिछले कुछ सालों में यहां रिपब्लिकन्स का डंका बजा है. ओहियो के चुनावी भाषणों के बाद विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ है. गवर्नर पद के चुनाव में विवेक को अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट और ब्लैक एंटरप्रन्योर हीदर हिल के खिलाफ रिपब्लिकन प्राइमरी में मुकाबला करना होगा. वहीं, चुनावी मैदान में रामा. स्वामी के सामने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के तौर पर डॉ. एमी एक्टन खड़ी हैं.

चुनाव में वादे और भविष्य की रणनीति

गवर्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे विवेक रामास्वामी ने अपनी सभाओं में राज्य से इनकम टैक्स और प्रॉपर्टी टैक्स को खत्म करने की बात कही है. उन्होंने कहा, "यह आपकी मेहनत की कमाई है. सरकार का इस पर कोई अधिकार नहीं होना चाहिए. अगर आपके पास जमीन है, तो यह सरकार की लीज जैसी नहीं होनी चाहिए.

## पाकिस्तान में 9 मई की हिंसा और चुनाव में धांधली का मामला: इमरान खान की याचिक. ाओं पर 28 फरवरी को होगी सुनवाई

पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करने का निर्णय लिया है. मीडिया की खबरों में मंगलवार (25 फरवरी, 2025) को यह जानकारी दी गई.इमरान खान ने नौ मई की हिंसा और पिछले साल हुए आम चुनावों में कथित धांधली की न्यायिक जांच की मांग के लिए याचिका दायर की थी. श्द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबारश की खबर के अनुसार, जस्टिस अमीनुद्दीन खान की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ इमरान खान की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी.इमरान खान ने नौ मई की हिंसा की जांच के लिए दिसंबर 2024 में याचिका दायर की थी. इस्लामाबाद हाईकोर्ट परिसर से नौ मई 2023 को अर्धसैनिक रेंजर्स की ओर से इमरान खान को गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद पाकिस्तान में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़क उठे थे. इमरान के समर्थकों ने जिन्ना हाउस (लाहौर कॉर्प्स कमांडर का घर) और फैसलाबाद स्थित आईएसआई कार्यालय सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी.इमरान का आरोप है कि नौ मई की घटनाओं को उनके राजनीतिक विरोधियों ने सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया था. इमरान खान का कहना है कि उन्हें हिंसा से जुड़े मामलों में श्राजनीतिक प्रतिशोधश के कारण फंसाया गया है. जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इमरान खान ने मार्च 2024 में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग की थी.पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) का दावा है कि पार्टी ने आठ फरवरी 2024 को हुए आम चुनावों में जीत दर्ज की थी, लेकिन बड़े पैमाने पर हुई धांधली के जरिए उसका जनादेश श्चुराश लिया गया. हालांकि, सरकार और चुनाव अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है. इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं. उन पर कई मामले दर्ज हैं और कुछ में उन्हें सजा भी सुनाई जा चुकी है. वर्तमान में वह रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं.

## 30 दिन में गिर जाएगी डोनाल्ड ट्रंप की सरकार, किसकी भविष्यवाणी से मचा हड़कंप

अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी. इसके बाद से उन्होंने कई ऐसे बड़े और चौकानें वाले फैसले लिए जिनका प्रभाव न केवल अमेरिका में बल्कि भारत समेत पूरी दुनिया में देखने को मिला. इन फैसलों में टैरिफ, अवैध अप्रावसी, ग्रीनलैंड पर कब्जा करने सहित कई तरह के फैसले शामिल थे.डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनावी कैंपेन के दौरान किए गए कई वादों को पूरा करने के लिए निर्णायक कदम उठाए. हालांकि, उनके कई फैसलों को अदालत में चुनौती दी गई. इस बीच
डेमोक्रेटिक रणनीतिकार जेम्स कार्विल ने एक बड़ा दावा किया है.अमेरिका के
डेमोक्रेटिक पार्टी के वरिष्ठ रणनीतिकार जेम्स कार्विल ने कहा, ष्मेरा मानना है कि यह प्रशासन 30 दिनों से भी कम समय में गिर सकता है. देश की जनता ट्रंप प्रशासन से थक चुकी है.ष उन्होंने दावा किया कि ट्रंप के कई फैसलों से जनता में असंतोष बढ़ गया है. कार्विल ने विशेष रूप से आव्रजन प्रतिबंध और ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर ट्रंप प्रशासन के कदमों पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि इन फैसलों ने जनता की चिंता बढ़ा दी है और इसका असर देशभर में दिख रहा है. साथ ही एलन मस्क को प्रशासन का हिस्सा बनाने के फैसले के बाद कई लोगों की नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है.ट्रंप की प्रतिक्रिया जेम्स कार्विल के इस दावे पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ष्ट्रथष पर लिखा, ष्मैंने राष्ट्रपति चुनाव में भारी जीत हासिल की, सभी स्विंग राज्यों में जीत दर्ज की. अब मेरे पास अब तक के सबसे अच्छे मतदान नंबर हैं.ष्ट्रंप ने जेम्स कार्विल और अन्य डेमोक्रेट नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा, ष्जेम्स कार्विल जैसे टूटे–फूटे हारे हुए लोग जो दिमाग और शरीर से कमजोर हैं, पागल हो रहे हैं. वे यह नहीं जानते कि क्या करना है. हमने अमेरिका को फिर से महान बनाने का संकल्प लिया है और हम इसमें बड़ी सफलता प्राप्त कर रहे हैं. ष्ट्रंप के फैसलों पर जनता की रायट्रंप प्रशासन के कई फैसलों को लेकर अमेरिकी जनता में विभाजन की स्थिति है. जहां कुछ लोग उनके सख्त आव्रजन और आर्थिक नीतियों का समर्थन कर रहे हैं, वहीं कई लोग उनकी नीतियों को असंवेदनशील और विभाजनकारी मानते हैं. कोर्ट में भी ट्रंप के कई फैसलों को चुनौती दी जा चुकी है, जिससे उनकी नीतियों की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं.

## क्या पाकिस्तान में खत्म हो जाएगा क्रिकेट? जानें क्यों पूर्व कप्तान इमरान खान ने जेल से कही ये बात

विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान इमरान खान ने भारत से पाकिस्तान की हार और चौंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर निराशा व्यक्त की है. उनकी बहन अलीमा खान ने यह जानकारी दी. रावलपिंडी की अदियाला जेल में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री से मिलने के बाद अलीमा ने खुलासा किया कि इमरान रविवार 23 फरवरी को दुबई में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पाकिस. तान के खराब प्रदर्शन से परेशान थे.भारत के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पाकिस. तान को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. इस मुकाबले में टीम इंडिया के लिए विराट कोहली ने शानदार शात्क बनाया था.अलीमा खान ने कही ये बातप. ीटीआई के अनुसार अलीमा ने कहा, ष्पीटीआई (पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ) के संस्थापक ने भारत के खिलाफ मैच हारने पर बहुत दुख व्यक्त किया है.ष उन्होंने कहा कि इमरान खान ने जेल में रहकर मैच देखा. इमरान खान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी की क्षमताओं पर भी सवाल उठाए तथा क्रिकेट प्रशासन में शीर्ष पदों पर मौज. ूदा सरकार की नियुक्तियों पर निराशा व्यक्त की. अलीमा ने कहा, ष्इमरान ने कहा कि जब पसंदीदा खिलाड़ियों को निर्णय लेने वाले पदों पर बैठा दिया जाएगा तो आखिर में क्रिकेट नष्ट हो जाएगा.पूर्व पीसीबी प्रमुख नजम सेठी ने लगाए गंभीर आरोप पूर्व पीसीबी प्रमुख नजम सेठी ने इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट ढांचे के साथ छेड़छाड़ की,जिस वजह से पाकिस्तानी टीम पर



इसका असर पड़ा है. गौरतलब है कि 2019 में इमरान खान के निर्देश पर पीसीबी ने घरेलू क्रिकेट संरचना में बदलाव किया था. इसके बाद 16–18 विभागीय और क्षेत्रीय संघ पक्षों की लंबे समय से चली आ रही प्रणाली को छह–टीम प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता के साथ बदल दिया था. इमरान के पूर्व साथी रमीज राजा को 2021 में पीसीबी प्रमुख नियुक्त किया गया था, लेकिन इमरान के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था

## किस देश की नागरिकता पाने के लिए 61 वर्षीय महिला ने 13 बार कर लिया जेंडर चेंज

ब्रिटेन से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें 61 साल की जोसेफिन मॉरिस ने ब्रिटिश नागरिकता दिलाने के लिए कई बार भेष बदलकर धोखाधड़ी की. मॉरिस ने मंगलवार (25 फरवरी) को स्वीकार किया कि उसने 13 अलग–अलग विदेशी पुरुषों और महिलाओं की ओर से यूके का श्लाइफ इन द यूके टेस्टश दिया. यह टेस्ट ब्रिटिश नागरिकता या स्थायी निवास पाने के लिए आवश्यक होता है.मॉरिस ने अपनी पहचान छिपाने के लिए विग और अन्य भेष बदले, ताकि वह असल आवेदकों की तरह दिख सके. उसने 2022 से 2023 के बीच कई बार भेष बदला और विभिन्न परीक्षण केंद्रों में जाकर यह परीक्षा दी. उसने यहां तक कि जेंडर भी बदला और पुरुषों की तरह भी भेष बनाकर परीक्षा दी.पैसे कमाने के लिए धोखाधड़ीब्रिटेन के गृह मंत्रालय के अधिकारी फिलिप पार के अनुसार, मॉरिस ने यह सब पैसे कमाने के उद्देश्य से किया. वह देश भर में परीक्षण केंद्रों का चयन सावधानी से करती थी और धोखाधड़ी की योजना को अंजाम देती थी. मॉरिस ने ब्रिटिश इतिहास, मूल्यों और समाज की समझ के लिए होने वाले 24 सवालों वाले टेस्ट को पास कराना शुरू किया, ताकि आवेदक स्थायी निवास या नागरि. कता हासिल कर सकें.20 मई को सजा की सुनवाईमॉरिस इस समय ब्रॉन्जफील्ड जेल में बंद है और उसने अदालत में वर्चुअल तरीके से अपनी सुनवाई में हिस्सा लिया. उसने धोखाधड़ी करने की बात स्वीकार की और यह भी कबूल किया कि उसके पास दो लोगों के प्रोविजनल ड्राइविंग लाइसेंस थे. मॉरिस को इस मामले में अब 20 मई को सजा सुनाई जाएगी.ब्रिटेन में नागरिकता पाने की नियमदुनिया के बाकी देशों की तरह ब्रिटेन के भी अपने कुछ नियम है, जो नागरिकता हासिल करने के लिए लागू किए जाते हैं. बता दें कि किसी भी व्यक्ति को ब्रिटेन में रहने की इजाजत लेनी पड़ेगी, जब तक कि उसे ब्रिटिश नागरिकता नहीं मिल जाती. इसके बाद देश में रहने की इजाजत तब तक के लिए होनी चाहिए, जब तक कि आपकी सिटिजनशिप सेरेमोनी ना हो जाए. वहीं अगर किसी दूसरे देश के व्यक्ति के पास इंडेफिनेट लीव टू रिमेन मतलब बिना किसी निर्धारित समय के रहने की परमिशन या यूरोपियन यूनियन से मिला प्री–सेटल्ड स्टेटस तो आपको ब्रिटेन में रहने की इजाजत मिल सकती है.

## सच साबित होने वाला है एलन मस्क का प्लान! मंगल पर पानी को लेकर आ गई ये गुड न्यूज

एक नए अध्ययन के अनुसार मंगल ग्रह का लाल रंग लौह–युक्त खनिज की उपस्थिति के कारण हो सकता है, जिसके निर्माण के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होती है. इससे यह संभावना मजबूत होती है कि यह ग्रह पहले में रहने योग्य रहा होगा. नेचर कम्युनिकेशन्स पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि लाल ग्रह पर स्थित धूल विभिन्न खनिजों का मिश्रण है, जिसमें आयरन ऑक्साइड भी शामिल है, जिनमें से एक फेरिहाइड्राइट ग्रह के रंग का कारण हो सकता है.मंगल ग्रह पर पानी होने के मिले संकेतब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पोस्टडॉक्टरल फेलो और स्टडी के प्रमुख लेखक एडम वैलेंटिनास ने कहा, ''हम फेरिहाइड्राइट को मंगल ग्रह के लाल होने का कारण मानने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन अब हम अवलोकन डेटा और प्रयोगशाला के नए तरीकों का उपयोग करके इसका बेहतर परीक्षण कर सकते हैं, ताकि अनिवार्य रूप से प्रयोगशाला में मंगल ग्रह की धूल बनाई जा सके.''

उन्होंने कहा, ''हमारे विश्लेषण से हमें विश्वास है कि फेरिहाइड्राइट धूल में हर जगह है और संभवतः चट्टान संरचनाओं में भी है.'' हालांकि, चूंकि फेरिहाइड्राइट ठंडे पानी की मौजूदगी में बनता है और पहले लाल रंग देने वाले माने जाने वाले हेमेटाइट जैसे खनिजों की तुलना में कम तापमान पर बनता है, इसलिए निष्कर्ष बताते हैं कि मंगल पर टिकाऊ तरल पानी को बनाए रखने में सक्षम वातावरण हो सकता है. अरबों साल पहले बदला मंगल ग्रह का वातावरणमाना जाता है कि मंगल का वातावरण अरबों साल पहले नम से शुष्क हो गया था जब इसका वातावरण सौर हवाओं के प्रभाव में आ गया था. मंगल पर एक कमजोर चुंबकीय क्षेत्र था, जो इसे सौर हवाओं से बचाने में विफल रहा, जिससे मंगल शुष्क और ठंडा हो गया. अध्ययन में नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी सहित अंतरिक्ष एजेंसियों की ओर से मंगल पर संचालित कई मिशनों से जमा किए गए आंकड़ों का विश्लेषण किया गया. फिर टीम ने परिणामों की तुलना प्रयोगशाला में प्रयोगों से की, जहां उन्होंने परीक्षण किया कि मंगल ग्रह की कृत्रिम परिस्थितियों के तहत प्रकाश फेरिहाइड्राइट कणों और अन्य खनिजों के साथ कैसे संपर्क करता है. मंगल ग्रह की प्राचीन जलवायु को समझना चाहते वैज्ञानिकमंगल से नमूनों का विश्लेषण, जो वर्तमान में नासा के पर्सिवियरेंस रोवर की ओर से एकत्र किया जा रहा है, यह बताएगा कि क्या टीम के निष्कर्ष निश्चित रूप से सही हैं. ये निष्कर्ष मंगल के गठन के लिए एक सिद्धांत के रूप में प्रस्तावित हैं. रोवर को जुलाई 2020 में प्रक्षेपित किया गया था और यह फरवरी 2021 में मंगल ग्रह पर उतरा. रिसर्चर्स का लक्ष्य मंगल ग्रह की प्राचीन जलवायु और इसकी रासायनिक प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझना है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि ग्रह कभी रहने योग्य था या नहीं. वैलेंटिनास ने कहा, ''इसे समझने के लिए, आपको इस खनिज के निर्माण के समय की परिस्थितियों को समझने की आवश्यकता है. वे परिस्थितियां आज के शुष्क, ठंडे वातावरण से बहुत अलग थीं.'' अध्ययन के प्रमुख लेखक ने कहा, ''हम इस अध्ययन से जो जानते हैं वह यह कि सबूत फेरिहाइड्राइट के बनने की ओर इशारा करते हैं, और ऐसा होने के लिए, ऐसी स्थितियां होनी चाहिए जहां हवा या अन्य स्रोतों से ऑक्सीजन और पानी लोहे के साथ प्रतिक्रिया कर सकें.''मंगल को लेकर सच साबित हुआ एलन मस्क का सपना

एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अगले दो सालों में मंगल ग्रह पर अपने सबसे बड़े रॉकेट स्टारशिप को भेजने की योजना बना रही है. कंपनी के सीईओ एलन मस्क ने कहा था कि बताया कि मंगल ग्रह पर सुरक्षित लैंडिंग को परखा जाएगा, जिसके बाद वहां शहर बसाने की योजना बनाई जाएगी. अब एलन मस्क की भविष्यवाणी सही साबित होती नजर आ रहा है, क्योंकि वैज्ञानिकों को इस बात के संकेत मिले हैं कि मंगल ग्रह पर पानी है.

# कासगंज ताले की चाबी बनाने वाले युवक ने खोली चलती फिरती अवैध शस्त्र फैक्ट्री, दो गिरफ्तार

कासगंज रू गंजडुंडवारा थाना पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। दो फैक्ट्री चालकों को गिरफ्तार कर मौके से बने–अधबने तमंचों के अलावा भारी मात्रा में शस्त्र बनाने वाले उपकरण और चार हजार रुपए की नकदी बरामद की है। पुलिस ने प्रेसवार्ता के बाद दोनों संच. ालकों से पूछताछ कर जेल भेज दिया है। युवक दो हजार रुपये से ढाई हजार रुपये तक की कीमत में तमंचों की बिक्री करते थे। पुलिस उनसे तमंचा खरीदने वाले युवकों की तलाश भी कर रही है।अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया कि एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर जिले भर में अवैध शस्त्रों के निर्माण और तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 25 फरवरी की रात गंजडुंडवारा पुलिस ने बनैल गांव के जंगल में लगे यूकेलिप्टस के बाग में छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके नाम एवन सिंह निवासी मुहल्ला गोविंदपुरी और पंकज उर्फ प्रशांत निवासी बनैल थाना गंजडुंडवारा हैं।पुलिस ने मौके से चार बने–अधबने तमंचे, चार जिंदा कारतूस, दो खाली खोखे के अलावा भारी मात्रा में शस्त्र बनाने वाले उपकरण बरामद किए हैं। साथ ही उनके कब्जे से चार हजार रुपए की नकदी भी बरामद हुई है। एएसपी ने बताया कि एवन गांव–गांव घूमकर ताले की चाबी बनाने का काम करता था। बाद में उसने चलती–फिरती फैक्ट्री खोलकर अवैध शस्त्र तैयार करने शुरू कर दिए। वह तमंचे तैयार कर दो हजार रुपये से ढाई हजार रुपये तक की कीमत में बेचता था। उन्होंने यह भी बताया कि इनके द्वारा जहां–जहां असलहों की सप्लाई की गई है, उनके नाम चिह्नित किए



जा रहे हैं। उन्हें भी गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।2 अवैध तमंचे (315 बोर चालू हालत में), 2 अधबने तमंचे, 4 जिंदा कारतूस (315ध्12ध्32 बोर), 2 खाली खोखा कारतूस (315ध्12 बोर), 4 हजार रुपये नक. द।शस्त्र बनाने के उपकरण– 1 पकड़ मशीन लोहा, 1 सिकंजा, 1 बट्ट लोहा, 1 धौंकनी, 2 हथौड़े (छोटे–बड़े), 6 सुम्मी, 5 छैनी, 2 रेती, 3 ब्लेड, 1 सरौता (सडांसी), 1 गोल रेती, 9 स्प्रिंग, 10 डिमरी, 7 चोवा, 10 पत्ती, 3 बट, 2 पाइप, 1 अधबनी नाल (12 बोर), 1 तेल की शीशी, 9 अधबनी हैमर पत्ती, 5 वर्मा लोहा, 1 छल्ला लोहा, 1 सुआ लोहे का, 1 हैमर पत्ती लोहा, 1 टॉर्च, 3 लकड़ी के टुकड़े, कोयला लकड़ी (करीब एक किलोग्राम)।

## महाकाल शोभायात्रा बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पथवारी मंदिर बिलराम गेट से प्रारंभ हुई

कासगंज : महाकाल शोभायात्रा बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पथवारी मंदिर बिलराम गेट से प्रारंभ हुई। जिसमें भक्तजन भक्ति गीत... है भोलेनाथ की शादी हम तो नाचेंगे आदि पर थिरकते रहे। इससे पूर्व महाकाल का पूजन किया गया। जिसके बाद भोलेनाथ की शोभायात्रा शुरु हुई। भक्तजन भोलेनाथ की जय जयकार करते रहे। बैंडबाजों की धुन बजाए जा रहे धार्मिक गीतों पर महौल धर्ममय बना रहा।गले में पीतांबर, हाथों में डमरू, जुबां पर भोले की जयकार से वातावरण भक्तिमय रहा। हाथों में शिवजी की आस्था के प्रतीक झंडे को लिए भक्त भगवान शिव की जय–जयकार करते रहे। बरात की अगुवाई में धर्मध्वज साथ चल रहा। भूत, प्रेत, पिशाच स्वरूप बराती बनकर आए थे। शोभायात्रा में भोलेनाथ की झांकी के बराती बने भक्तों ने जमकर धमाल मचाया। लोगों ने भगवान शिव की बरात का जगह जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। महाकाल पालकी यात्रा बिलराम गेट से प्रारंभ होकर बारहद्वारी, नदरई, सोरों गेट, गली झौरा भौरा, गली सहावर गेट, गली पचौरिया, सूत की मंडी होती हुई मंदिर पर संपन्न हुई। भगवान शिव की बारात में भोले नाथ नंदी पर सवार होकर आए। भक्तों ने भोल. `नाथ के स्वरूप को नंदी की सवारी कराई। उनके साथ पूरे शहर में नंदी की सवारी आकर्षण का केंद्र रही।बरात के आगे और पीछे सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। पुलिस कर्मी बारात के साथ चलते रहे। बाजार में जाम की स्थिति न बने इसलिए ई–रिक्शा को बाजार में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था।

## शादी के 12 दिन बाद प्रेमिका का प्रेमी संग सुसाइड एटा में दोनों एक ही दुपट्टे से लटके मिले,



एटा में शादीशुदा प्रेमी–प्रेमिका ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। दोनों के शव एक ही पेड़ से लटके मिले। प्रेमिका की शादी को 12 दिन ही हुए थे। वहीं प्रेमी की शादी 18 साल पहले हो चुकी थी। दोनों के बीच बचपन से ही प्रेम–प्रसंग था। घटना अंगदपुर गांव के सकीट थाना क्षेत्र की है।बुधवार सुबह खेत की ओर जाने वाले ग्रामीणों ने दोनों के शवों को देखा। परिवार के लोगों को मामले की जानकारी दी। परिजनों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।प्रेमिका पहली बार मायके आई थी गांव वालों ने बताया कि प्रेमी–प्रेमिका ने एक ही दुपट्टे से फांसी लगा रखी थी। दोनों बचपन से ही एक–दूसरे के नजदीक थे। शादी करना चाहते थे। लेकिन अलग–अलग जाति होने की वजह से घर वाले शादी के लिए राजी नहीं थे। प्रेमी लोधी समाज का था। वहीं प्रेमिका ओबीसी थी। प्रेमिका शादी के बाद पहली बार अपने घर आई थी।500 मीटर दूरी पर दोनों के घर वीरपाल और नीतू बचपन से एक–दूसरे को जानते हैं। दोनों साथ में खेलते थे। उसके बाद इनके बीच में प्रेम–प्रसंग कब हुआ, इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं है। वीरपाल की शादी के समय इस बात की चर्चा हुई थी। तभी हम लोगों को भी पता चला था।वीरपाल (33) के 2 बच्चे हैं। दोनों के घर एक ही गांव में 500 मीटर की दूरी पर है। दोनों की मौत के बाद परिवार वाले बेसुध हैं। वहीं, वीरपाल की पत्नी और बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। वीरपाल खेती–किसानी करता था।गांव वालों ने पुलिस को बताया कि वीरपाल शादी के बाद भी नीतू से मिलता रहता था। ये बात दोनों के घर वाले भी जानते थे। दोनों के परिवार वालों के बीच कई बार इस बात को लेकर विवाद भी हुआ। वीरपाल की अपनी पत्नी से भी ज्यादा नहीं बनती थी।नीतू दो दिन पहले अपने मायके किसी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आई थी। इसके बाद वो कब वीरपाल से मिली, किसी को पता नहीं। बुधवार सुबह दोनों के सुसाइड करने की जानकारी हम लोगों को मिली।

## कासगंज: संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, हत्या की आशंका

कासगंज रू अमांपुर थाना क्षेत्र के गांव बा. छमई में 23 वर्षीय विवाहिता पूनम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतका के चाचा सचिन कुमार निवासी बदनपुर, थाना सोरों ने बताया कि पूनम की शादी ढाई साल पहले प्रशांत से हुई थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दान–दहेज भी दिया गया था, लेकिन ससुराल वाले लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे और उसे प्रताड़ित कर रहे थे।मंगलवार रात को पूनम की मारपीट के बाद जहर देकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद ससुराल वाले शव को घर में छोड़कर फरार हो गए। परिजनों के मुता. बिक, पूनम के नाक से खून निकल रहा था, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष चंचल सिरोही, सहावर सीओ शाहिदा नसरीन और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने फोटो और वीडियो ग्राफी के अलावा घटना स्थल से अहम साक्ष्य एकत्रित



किए।थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्वाइजनिंग का लग रहा है। अभी तक मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कासगंज में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय द्वारा भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया



कासगंज में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय द्वारा भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की महिलाओं ने शहर में शिव बारात निकाली।यह एक वार्षिक परंपरा है। जिसमें प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय की महिलाएं हर वर्ष महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकालती हैं। मार्ग में जगह–जगह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा का समापन ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय में हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।यह एक वार्षिक परंपरा है। जिसमें प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय की महिलाएं हर वर्ष महाशिवरात्रि पर शिव बारात निकालती हैं। मार्ग में जगह–जगह श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा का समापन ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विद्यालय में हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## कासगंज आंगनबाड़ी भर्ती में दलाल सक्रिय, प्रशासन ने अभ्यार्थियों से की अपील

कासगंज : बाल विकास एंव बाल पुष्टाहार विभाग में आंगनबाड़ी भर्ती में दलाल सक्रिय हो गए हैं। कार्यालय के दलालों द्वारा वसूली का खेल चल रहा है। प्रशासन के पास भी इसकी शिकायतें पहुंच रही है। ऐसे में प्रशासन के अधिकारियों ने अभ्यार्थियों से किसी के बहकावे में न आने की अपील की है।मुख्य विकास अधिकारी सचिन सिंह ने बताया बाल विकास और पुष्टाहार विभाग में 295 आंगनबाड़ी के रिक्त पदो की भर्ती पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। इसमें आवेदिकाओ के इंटर मीडिएट,स्नातक के प्राप्त अंको के आधार पर चयन की कार्रवाई हो रही है। बीपीएल, विधवा, तलाकशुदा को नियमानुसार प्राथमिकता दी जा रही है। पहले चरण में ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त सूची के अनुसार चयनित एंव प्रथम वरीयता वाले अभ्यार्थियों के अंकपत्र सत्यापान के लिए विकास भवन बुलाया जा रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। अभ्यार्थी किसी के बहकावे में न आए। मेरिट के अनुसार चयन होना है। किसी दलाल के चक्कर में न आए। अगर किसी अभ्यार्थी को समस्या है, तो वह खुद मेरे पास आकर या बाल विकास, पुष्टाहार विभाग में जाकर शिकायत कर सकता है। पारदर्शिता के साथ आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया जाएंगा।

## कासगंज : पांच नामजद सहित आधा दर्जन लोगों ने दलितो को लाठी डंडो और बेल्टो से पीटा, मामला दर्ज

कासगंजः थाना सहावर क्षेत्र में सड़क पर रास्ते को लेकर आधा दर्जन से अधिक दबंगो ने दो दलित बाइक सवार युवको की लाठी डंडे और बेल्टो से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद सहित आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में बुधवार को भीम आर्मी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने थाना सहावर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उक्त दबंगो को जल्द गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।भीम आर्मी पार्टी के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार ने सहावर इंस्पेक्टर प्रवेश राणा को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मंगलवार को गांव बेहटा निवासी मोहित पुत्र अतर सिंह, सौरभ पुत्र रक्षपाल सिंह ने बहटा चौराहे से पांच बजे करीब बाइक पर सवार होकर सब्जी लेने के लिए गए हुए थे। बेहटा चौराहे पर भीड़ एकत्रित थी। उन्होंने हॉर्न बजाकर बाइक को निकालने का प्रयास किया, तभी रोहित, शिंटू, शिवम, आलोक, कुलदीप ने कहाकि तुझे बहुत जल्दी है। गाली गलौज करने लगे। बाद में उन्होंने अपने तीन अन्य साथियों के साथ लाठी डंडे, और बेल्टो से मारपीट करना शुरु कर दिया। खेतों में लेजाकर मारापीटा। साथ ही उनके हाथ में जाटव नाम गुदा हुआ देखकर और भड़क गए। जाति सूचक गालियां देने लगे। तमंचे की बट से उनका सिर फोड दिया। जिससे उनके शरीर में गंभीर चौटे आ गई। साथ ही कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना सहावर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने इस संबंध में मारपीट करने वाले आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है। इंस्पेक्टर ने पदाधिकारियों के प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेकर जल्द गिरफ्तार करने आश्वासन दिया है।

## झाड़ियों में मिली प्रधान के भाई की लाश... मुंह और कान से बह रहा था खून

कासगंज के सिढ़पुरा के ग्राम ठाठी के प्रधान के छोटे भाई का शव गांव के नजदीक ही ईंट भट्ठा के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। उसके मुंह व कान से खून निकल रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।गांव ठाठी निवासी बौबी सिंह (35) सोमवार सुबह लगभग 10 बजे घर से सिढ़पुरा जाने के लिए कहकर गया था। इसके बाद उसका शव देर शाम गांव के निकट ही ईंट भट्ठा के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। युवक का मुंह खून से लथपथ था। वहीं, कान से भी खून का रिसाव हो रहा था। लोगों ने जब उसके शव को झाड़ियों में पड़ा देखा तो सूचना पुलिस को दी । सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शिनाख्त हो जाने पर पुलिस ने परिजन को सूचना दी। सूचना पर परिजन मौके पर आ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ग्राम प्रधान ओमवीर ने बताया कि भाई के मुंह व कान से खून निकल रहा था। इससे हत्या की आंशका है। मृतक बौबी के तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ा बेटा उमंग दस साल का है। जबकि दूसरा बेटा नितिन सात साल का तथा सबसे छोटा बेटा जय चार साल का है।थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि युवक की मौत के कारण का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सही स्थिति पता चलेगी। अभी परिजन की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है।

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मौः-8218049162,8273402499